Annexure: FDU-1

मौका निरीक्षण रिपोर्ट

प्रस्तावित सड़क अलसीगढ़ से नाल फला

द्वारा – उप वन संरक्षक, उदयपुर

दिनांक : 03.06.2016

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खैरवाड़ा से प्राप्त प्रस्ताव सड़क अलसीगढ़ से नाल फला का मौका निरीक्षण सहायक वन संरक्षक, उदयपुर, क्षेत्रीय वन अधिकारी, उदयपुर (पश्चिम) एवं सर्वेयर कार्यालय हाजा के साथ दिनांक 03.06.2016 को किया गया।

प्रस्तावित सड़क अलसीगढ़ से नाल फला में कार्यवाही एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराये रेकार्ड अनुसार सड़क की कुल लम्बाई में से चैन संख्या – 1/625 से 4/800 तक 3175 मीटर तथा 5/120 से 5/500 तक 380 मीटर, कुल लम्बाई 3555 मीटर भाग मौके पर आरक्षित वनखण्ड मरवड अलसीगढ़ में स्थित है। तहसीलदार गिर्वा, उदयपुर के पत्रांक भू.घ./विविध/2014/2120, दिनांक 15.09.2014 अनुसार उक्त कच्ची सड़क का उपयोग ग्रामवासियों द्वारा वर्ष 1980 के पूर्व से किया जा रहा है। वनखण्ड में से गुजर रही कच्ची सड़क पूर्व की बनी हुई है एवं स्थानीय ग्रामीण इस कच्ची सड़क का आवागमन में उपयोग कर रहे है। कच्ची सड़क की वर्तमान में चौडाई 3.00 से 5.50 मीटर तक है। प्रस्तावित सड़क निर्माण से 2.67 हैक्टर वन भूमि प्रभावित होगी। मौके पर जहाँ–जहाँ कच्ची सड़क संकरी है, उस क्षेत्र की भौगोलिक संरचना भंगुर व नाजुक चट्टान युक्त है।

अधिशाषी अभियन्ता सा.नि.वि. खैरवाड़ा द्वारा प्रस्ताव के बिन्दु संख्या–10 में वर्णित प्रमाण–पत्र अनुसार अलसीगढ़ से नाल फला को जोड़ने के लिए अन्य कोई विकल्प नहीं है। पहाड़ी क्षेत्र होने से इसे जोड़ने का एक मात्र रास्ता अलसीगढ़ से नाल फला से ही जोड़ा जा सकता है।

वर्तमान में वनखण्ड मरवड अलसीगढ़ में गुजर रही विद्यमान कच्ची सड़क पर पेड़–पौधे मौजूद नहीं है और न ही पुरातात्विक महत्व के स्मारक है। मौके पर कच्ची सड़क के साथ–साथ मानसी वाकल टनल को जोड़ने वाली पाईप लाईन तथा उसके साथ बरसाती नाला मौजूद है व इस नाले के सहारे जामुन व करंज वृक्ष प्रजातियों के पुराने पेड़–पौधे मौजूद है। कच्ची सड़क के प्रारम्भ में दक्षिण की ओर मोटा कुण्डालिया 'बी' वृक्षारोपण वर्ष 2014 का लगता हुआ है। प्रस्ताव में दर्शाये अनुसार वन विभाग के खसरा संख्या का मिलान मौके पर सही पाया गया है।

वर्तमान में इस कच्ची सड़क पर कोई भी प्रस्तावित सड़क निर्माण आरम्भ किया हुआ या प्रगतिरत नहीं पाया गया है।

उक्त पर्चा मौका उपस्थित समस्त सदस्यों को पढकर सुनाया गया व पढ़ सुनकर हस्ताक्षर किये गये है।

| सर्वेयर | क्षेत्रीय वन अधिकारी | 03/6/2016 सहायक वन संरक्षक | 3/6/16 उप वन संरक्षक |
|---|---|---|---|
| कार्यालय हाजा | उदयपुर (पश्चिम) | उदयपुर | उदयपुर |